## महत्वपूर्ण एवं खास

### आमने-सामने दो मोटरसाइकिल टकराई, युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** बाईक से दोस्त के साथ घूमने जा रहे युवक को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते इलाज के दौरान युवक की मौत हो जाने पर मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनडरा धरसींवा रायपुर निवासी नकुल साहू आयु 19 वर्ष पिता राजु साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का भाई अपने दोस्त के साथ बाईक से चिखली जा रहा था ग्राम सोनडरा धरसींवा चिखली नाले के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 7298 के चालक ने टक्कर मार दिया जिसके चलते प्रार्थी का बड़ा भाई नील साहू 21 वर्ष गंभीर रुप से घायल हो गया उसे इलाज के लिये 112 से मेकाहारा अस्पतताल में भर्ती कराया गया वहां से नील साहू को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कर दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो जाने पर बाईक चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने ग्राम परसापाली में दी गोठान की स्वीकृति

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित जनचौपाल कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा जिले के विकास खंड बम्हनीडीह के ग्राम परसापाली में गोठान निर्माण की स्वीकृति दी।

### नक्सलियों ने जवानों से कहा नौकरी छोड़कर नक्सलवाद थामें

**जगदलपुर (आरएनएस)।** माओवादियों ने एक बार फिर पुलिस जवानों से अपील की है कि यदि वे अच्छी जिंदगी चाहते हैं तो नौकरी छोड़ें। उन्हें माओवादी संगठन मौका देगा। नहीं तो जंग जारी रहेगी। उन्होंने सुकमा जिले के कुछ लोगों को उदाहरण देते हुए कहा कि वे लोग पहले पुलिस में थे। लेकिन वहां आदिवासियों से क्रूरता देखने के बाद वापस अपने घर लौट आए। उन्होंने बकायदा जनअदालत में हजारों की संख्या में लोगों की बीच यह बातें कही।

### बारिश से कीचड़ में तब्दील सड़कों पर धंस रहे ट्रक

**कोरबा (आरएनएस)।** बरसात का मौसम शुरू होते ही और सोमवार से लगातार आज भी जारी मूसलाधार बारिश के कारण कई इलाकों की कच्ची सड़क और पक्की सड़क के किनारे के हिस्से कीचड़ में तब्दील हो गए हैं। ऐसी सड़कों पर वाहनों के फंसने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कुसमुंडा खदान से कोयला लोड कर निकली एक ट्रक खदान के 3 नंबर बेरियर के पास कोयले के कीचड़ में सड़क किनारे धंस गई। उसट ट्रक पलटने से बच गई वरना बड़ा हादसा हो जाता। सूचना पर पहुंचे ट्रक मालिक ने कोयला खाली कराया। इसी तरह कुसमुंडा से कोयला लेकर उड़ीसा जाने के लिए निकली ट्रेलर विकासनगर के नए बने कच्चे मार्ग में बारिश से निर्मित कीचड़ में धंस कर फंस गई। कुचैना बाईपास में भी एक ट्रेलर बारिश से निर्मित कीचड़ में धंस गई है। दूसरी तरफ कुसमुंडा थाना के निकट चौक से खदान की ओर आने-जाने वाले मार्ग में रोडसेल का कोयला परिवहन में लगे कुछ भारी वाहन कीचड़ में फंस जाने से इन्हें ओवर टेक कर आगे निकलने की होड़ में दूसरे वाहनों के फंसने से जाम की स्थिति बनी रही। जाम के कारण पूरा कुसमुंडा मार्ग प्रभावित हुआ, जिसे सामान्य करने में इस बारिश में भी पुलिस को पसीना बहाना पड़ा।

### मिट्टी तेल कोटा घटाने के खिलाफ सांसद बैज ने उठायी संसद में आवाज

**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य का मिट्टी तेल का कोटा घटाने के केन्द्र सरकार के फैसले के खिलाफ बस्तर सांसद दीपक बैज ने संसद में आवाज उठाई। शून्यकाल में मामले को उठाते दीपक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की बड़ी आबादी गांवों में निवास करती है। बस्तर संभाग तो गांवों में ही बसता है। केन्द्र सरकार द्वारा मिट्टी तेल के कोटे में 38 फीसदी की कटौती करने से लोगों को काफी परेशानी होगी। सांसद दीपक बैज के मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया कि बैज ने कहा कि एक ओर भाजपा के 40 राज्यसभा सांसदों के घर में बिजली नहीं होने का दावा किया जाता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी तेल की आपूर्ति कम करने का निर्णय लिया जा रहा है। यह दोहरी नीति है। बैज ने कहा कि छग के मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार को पत्र लिखकर मिट्टी तेल का प्रदेश का कोटा कम करने पर दुख व्यक्त करते हुए कोटा बढ़ाने की मांग रखी थी लेकिन कोटा बढ़ाने की बजाय कम कर दिया गया, जो सही नहीं है।

# रथयात्रा आजः काढ़े का प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भीड़ जगन्नाथ मंदिरों में उमड़ी

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन राजधानी सहित पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाये जाने की तैयारियां अंतिम चरणों में है। जेष्ठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ द्वारा अधिक स्नान करने के बाद बीमार पड़ने पर उन्हें जड़ी-बूटियों युक्त काढे का सेवन कराकर स्वस्थ्य किया गया है। महाप्रभु जगन्नाथ के काढे के तरल प्रसाद को पाने के लिए शहर के प्राचीनतम मंदिर टुरी हटरी, अश्वनी नगर, सदर बाजार, गायत्री नगर एवं गुढ़ियारी में सुबह से ही भक्तों की कतार अपनी बारी आने का इंतजार करती रही। जगन्नाथ मंदिर समितियों के प्रमुख पुजारियों ने बताया कि आज भगवान जगन्नाथ का नेत्रोत्सव मनाया जा रहा है। आज रात्रि भगवान के पूर्णतः स्वस्थ्य होने के पश्चात 4 जुलाई गुरुवार को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। जगन्नाथ मंदिर गायत्री नगर में रथयात्रा सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ की राज्यपाल आनंदी बैन पटेल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधान सभा अध्यक्ष डॉ.चरण दास महंत एवं मंत्रीमंडल के अन्य सहयोगियों मंत्रियों एवं विपक्ष के विधायकों की उपस्थिति में प्रारंभ होगी। भगवान के रथ के सामने राज्यपाल आनंदीबैन पटेल द्वारा सोने की झाड़ू से मार्ग बुहारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। जबकि जगन्नाथ मंदिर टुरी हटरी, सदर बाजार, अश्वनी नगर एवं गुढ़ियारी से रथयात्रा का शुभारंभ दोपहर 3 बजे के बाद प्रारंभ होगा। भगवान जगन्नाथ के बारे में यह कहावत प्रचलित है कि जगन्नाथ का भात जगत पसारे हाथ। भगवान का प्रसादस्वरूप खिचड़ी एवं गजामूंग पाने के लिए समस्त जगन्नाथ मंदिरों में व्यवस्था की जा रही है।



## सीएम हाउस में आज मंत्रिमंडल की बैठक



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री निवास में आज जनचौपाल कार्यक्रम के बाद सीएम भूपेश बघेल अपने निवास में ही मंत्रिमंडल की बैठक लेंगे। इस बैठक में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईन में आज जनचौपाल कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अन्य कामकाज निपटाएंगे। इसके पश्चात शाम 6 बजे से उनके निवास में मंत्रिमंडल की बैठक होगी। इस बैठक में मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ ही 13वें मंत्री के रूप में कैबिनेट में शामिल अमरजीत भगत विशेष रूप से शामिल होंगे। मंत्रिमंडल की बैठक शाम 6 बजे से 7 बजे तक चलेगी, इस दौरान कई अहम मुद्दों पर निर्णय लिया जाएगा। बताया जाता है कि पुलिस भर्ती का परिणाम जो कि रूका हुआ है, इसे जल्द से जल्द जारी करने पर भी फैसला हो सकता है। ज्ञात हो कि इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों ने परिणाम जल्द से जल्द जारी करने की मांग की है।

## हंगामेदार हो सकता है मानसून सत्र

**» विपक्षी दल कई मुद्दों पर सरकार को घेरने का करेगा प्रयास**



**रायपुर (आरएनएस)।** 12 जुलाई से सत्र प्रारंभ हो जा रहा मानसून सत्र काफी हंगामेदार हो सकता है। विपक्षी दल सत्र के दौरान कई मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास कर सकता है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 12 से 19 जुलाई तक बुलाया गया है। इस सत्र के दौरान कुल 6 बैठकें होगी। सत्र भले ही कम दिनों का बुलाया गया है लेकिन सत्र के लिए जिस तरह से सदस्यों द्वारा प्रश्न लगाए गए है उससे लगता है कि सत्र काफी हंगामेदार हो सकता है। सत्र के लिए अब तक कुल 946 प्रश्न लगाए जा चुके है। इनमें 495 तारांकित एवं 451 अतारांकित प्रश्न है। सत्र के दौरान इन प्रश्नों के अलावा सदस्यों द्वारा ध्यानाकर्षण एवं स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से भी कई मुद्दों को सदन में उठा सकते है।

## विशेष न्यायाधीशों के अलावा कई जज इधर से उधर

**» हाईकोर्ट से स्थानांतरण आदेश जारी**



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में स्थानांतरण का दौर जारी है, इसी क्रम में जिला न्यायाधीशों के थोक में तबादला आदेश जारी हुआ है। इस आदेश में करीब 24 जजों का स्थानांतरण किया गया है।

हाईकोर्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जिन न्यायाधीशों का स्थानांतरण किया गया है उनमें- विजय कुमार होता विशेष न्यायाधीश रायपुर, मंसूर अहमद, विशेष न्यायाधीश राजनांदगांव, गिरिजा देवी मरावी, विशेष न्यायाधीश रायगढ़, हरीश कुमार अवस्थी, विशेष न्यायाधीश दुर्ग, श्याम लाल नवरत्न, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय राजनांदगांव, संजीव कुमार, तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर, गोपाल कृष्ण नीलम, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर, शोभना कोष्टा, द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर, प्रतिभा वर्मा, तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय रायपुर, विवेक कुमार तिवारी, तृतीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय रायगढ़ के साथ ही विनय कुमार कश्यप कवर्धा से राजनांदगांव, ओंकार प्रसाद गुप्ता कोण्डागांव से बैकुंठपुर, डीएल कटकरवार सूरजपुर से कांकेर, राजेश श्रीवास्तव जशपुर से बलौदाबाजार, हेमंत सराफ कांकेर से सूरजपुर, श्रीमती कांता मार्टिन दंतेवाड़ा से मुंगेली, भीष्मप्रसाद पांडेय अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम जांजगीर-चांपा से जशपुर, राजेंद्र प्रधान बालोद से दंतेवाड़ा, सुमन एक्का कुटुंब न्यायालय कोरबा से जगदलपुर, विनोद कुजूर परिवार न्यायालय बिलासपुर से बालोद के साथ ही अन्य न्यायाधीश शामिल हैं।

## मेडिकल कालेज पैरामेडिकल स्टाफ ने सीधी भर्ती में हुई गड़बड़ियों के खिलाफ जन चौपाल में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**» सेवा भर्ती नियमों में संशोधन की मांग की**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री निवास में आज से प्रारंभ हुये जन चौपाल/भेंट मुलाकात कार्यक्रम में सुबह 11 बजे पं. जवाहर लाल नेहरु स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के पैरामेडिकल तकनीशियन स्टाफ ने सीधी भर्ती में हो रही गड़बड़ियों को रोकने एवं सेवा भर्ती नियमों में संशोधन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रांताध्यक्ष नरेश साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सीधी भर्ती के लिए 13 जून 2018 को 70 तकनीशियनों की भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया जिसमें लैब अटेंडेन्ट, ईसीजी टैक्निशियन, ओटी, रेडियोग्राफर एक्स-रे, डायलिसिस टैक्निशियन, ऑडियोमेट्री टैक्निशियन के लिए शासकीय संस्थान से पैरामेडिकल एक वर्षिय सर्टिफिकेट कोर्स उत्तीर्ण व छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीयन अनिवार्य रखा गया था किन्तु नाक, कान, गला रोग विभागाध्यक्ष डॉ. हंसा बंजारा द्वारा नियम विपरीत सेवाभर्ती नियमों को मनमर्जी बनाकर पात्र उम्मीदवारों को रोजगार से वंचित किया गया। साहू द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार गलत सेवा भर्ती नियमों में डीएचएलएस कोर्स को रखा गया है। जबकि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीयन को हटा दिया गया है। उक्त कोर्स दिल्ली द्वारा संचालित मान्यता प्राप्त कोर्स है। संघ के सदस्यों ने ज्ञापन में निम्न मांगों के तहत ऑडियोमेट्री तकनिशियन पद में केवल शासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स किये उम्मीदवार के साथ छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने के साथ-साथ छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से पंजीकृत को ही प्राथमिकता देने की मांग की है। तकनीशियन पद को चिकित्सा शिक्षा अलीपिकीय तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम 2015 में सुधारकर पंजीयन की अनिवार्यता हो।

## जन चौपाल : चेम्बर पदाधिकारियों ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति किया आभार

**रायपुर (आरएनएस)।** आज से मुख्यमंत्री निवास में प्रारंभ भेंट मुलाकात जन चौपाल आयोजन में अनेक प्रतिनिधि मंडल और नागरिकों ने आवेदनों के अलावा मुख्यमंत्री को उनके उल्लेखनीय कार्यो योजनाओ और निर्णयों के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष जितेंद्र बरलोटा, चैयरमेन पूरनलाल अग्रवाल, पदाधिकारी ,लाल चंद गुलदानी, मनमोहन अग्रवाल, दीपक बख्लेवालए, भारत अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य में गुमास्ता लाइसेंस की बार-बार प्रक्रिया से मुक्ति दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह मांग लंबे समय से व्यापारियों द्वारा की जा रही थी। अब केवल एक बार इस लाइसेंस को बनवाना पड़ेगा। हर 5 साल में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया से व्यापारियों को नही गुजरना पड़ेगा।

## 35 पुलिसकर्मियों का तबादला

**महासमुंद (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने सोमवार को जिले में फेरबदल करते हुए परिवीक्षाधीन डीएसपी प्रभात पटेल को तेंदूकोना का नया थाना प्रभारी बनाया है। इसके अलावा 35 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है। इसमें उपनिरीक्षक कल्याण सोनवानी को बसना से महासमुंद कोतवाली भेजा गया है। 5 सउनि के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए एक सउनि को पुलिस लाइन से थाना भेजा गया है और चार प्रधान आरक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। इसके अलावा 25 आरक्षकों को एक थाना क्षेत्र से दूसरे थाना क्षेत्र में भेजा गया है।

## रिश्वतखोर डीडी पशु को 3 साल का कारावास

**जगदलपुर (आरएनएस)।** विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दंतेवाड़ा ने विचारण उपरांत आरोपी डॉक्टर नारायण प्रसाद पांडे उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बीजापुर जिला बीजापुर छत्तीसगढ़ को धारा 7 .भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25000 अर्थदंड तथा धारा 13 एक डी धारा 13 दो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25000 का अर्थदंड की सजा सुनायी है।



उल्लेखनीय है कि एंटी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर के द्वारा आरोपी डॉक्टर ए पी पांडे उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बीजापुर को प्रार्थी गणेश राम प्रधान सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी बीजापुर से जीपीएस अग्रिम राशि स्वीकृत कराने के एवज में 5000 रिश्वत लेते हुए पांडे के निवास स्थान बीजापुर से दिनांक 18 2014 को रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। बीजापुर में रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार करने के बाद प्रकरण एंटी करप्शन ब्यूरो जगदलपुर द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोजन स्वीकृति उपरांत माननीय विशेष न्यायधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दंतेवाड़ा में दिनांक 3 फरवरी 2015 को अभियोजन पत्र प्रस्तुत किया गया था। उल्लेखनीय है कि पांडे को रिश्वत में आरोपी पाए जाने के बाद उनके निवास जगदलपुर में भी छापा मारा गया था, तदुपरांत अनुपात में संपत्ति का मामला न्यायालय में पेश किया गया है जो कि विचाराधीन है।

## करंट की चपेट में आया बैल

**महासमुंद (आरएनएस)।** विद्युत तार टूटने से बैल करंट की चपेट में आ गया इससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्राम घोड़ारी के लीला चौधरी के निवास में वट वृक्ष के शाखा गिर जाने से विद्युत तार टूट गया जिसकी चपेट में किसान जगनू यादव का बैल आ गया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत तार काफी जर्जर हो चुका था इसे बदलने के लिए बिजली विभाग में पंचायत द्वारा आवेदन भी किया गया है।

## उजमा अहमद की बायोपिक में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर



श्रद्धा कपूर के पास कई फिल्मों के प्रोजेक्ट हैं। वह इन दिनों ऑस्ट्रिया में अपनी अपकमिंग फिल्म साहो की शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा श्रद्धा कपूर की फिल्म स्ट्रीट डांसर थ्रीडी, छिछोरे भी रिलीज होने वाली हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, उजमा अहमद की बायोपिक में श्रद्धा कपूर नजर आएंगी।

ऐसा कहा जा रहा है कि शिवम नायर ने श्रद्धा कपूर से मुलाकात कर कहानी सुनाई है। ऐक्ट्रेस ने इस पर मौखिक रूप से सहमति जताई और ऑस्ट्रिया से लौटते समय इसको साइन करेंगी। श्रद्धा कपूर की सोशल मीडिया पर बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है और यह फिल्म के लिए उपयुक्त विकल्प है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के निर्माता का मानना है कि यह श्रद्धा कपूर के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित होगा।

इस फिल्म में सैफ अली खान एक राजनयिक की भूमिका निभाएंगे जबकि सुषमा स्वराज के रोल लिए अभी नाम तय नहीं हुआ है। इस फिल्म में तीन महत्वपूर्ण किरदार नजर आएंगे। इन किरदारों में उजमा अहमद, सुषमा स्वराज और इस्लामाबाद में भारत के तत्कालीन उप उच्चायुक्त जेपी सिंह हैं।

उजमा अहमद की कहानी के बारे में बात करें तो उजमा अहमद को पाकिस्तान के एक टैक्सी ड्राइवर से प्यार हो गया और वह पाकिस्तान पहुंच जाती है। वहां जाकर उसे पता चलता है कि वह टैक्सी ड्राइवर पहले से ही शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। यह फिल्म उजमा अहमद की जबरन शादी से मुक्त होने और पाकिस्तान से भागने के संघर्ष की कहानी है।

## दिया मिर्जा ने बताई संजू की शूटिंग के दौरान की परेशानियां



दिया मिर्जा को बॉलिवुड की सबसे खूबसूरत ऐक्ट्रेस में एक माना जाता है। हालांकि दिया अब सीमित फिल्मों में ही काम करती है लेकिन वह बॉलिवुड में लगातार ऐक्टिव है। पिछली बार दिया रणबीर कपूर के साथ फिल्म संजू में दिखाई दी थीं। संजय दत्त की इस बायोपिक में उन्होंने मान्यता दत्त का किरदार निभाया था।

इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान दिया मिर्जा ने शूटिंग के दौरान कई एक्सपीरियंस भी बताए थे। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्होंने अपनी एक खास परेशानी भी बताई थी। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया कि जब वह शूटिंग किया करती थीं तो हर वक्त मान्यता की तरह मुस्कुराते रहना बहुत मुश्किल होता था।

दिया ने आगे कहा कि जब वह मुस्कुराती हैं तो उनके दांत दिखाई देते हैं जबकि मान्यता की मुस्कुराहट में कभी भी उनके दांत नहीं दिखते। उन्होंने कहा कि बिना दांत दिखाए मुस्कुराना उनके लिए बहुत कठिन था।

बता दें कि राजकुमार हिरानी के डायरेक्शन में बनी संजू साल 2018 की सबसे बड़ी हिट साबित हुई थी।

## मौसम होगा और सुहाना, जब छतरी गाएगी गाना

बारिश के मौसम में छाता जरूरी चीज बन जाता है। बाजार में भी छाते की कई वरायटी मौजूद हैं। इनमें पैदल चलने से लेकर बाइक और कार में इस्तेमाल करने वाले छाते शामिल हैं। कई छाते तो इतने हाइटेक हैं जो बारिश में आपका मनोरंजन भी करेंगे। एक नजर ऐसे ही कुछ छातों पर:

**7 टेक ब्लूटूथ स्पीकर कॉम्पैक्ट अंब्रेला :** इस छाते के हैंडल में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी वाला स्पीकर दिया है। इसे फोन से कनेक्ट करके बारिश में घूमने का मजा लिया जा सकता है। वॉल्यूम को कंट्रोल करने के लिए बटन दिए हैं। वहीं, गाने भी हैंडल से ही चेंज किए जा सकते हैं। इसमें माइक्रो एसडी कार्ड लगाकर भी म्यूजिक का मजा लिया जा सकता है।

**न्यूब्रेला हैंडफ्री अंब्रेला:** न्यूब्रेला ब्रैंड का ये हैंडफ्री छाता बेहद स्टाइलिश है। इसे बैग की तरह पहना जाता है। फिर इसमें दी गई छतरी को सिर के ऊपर खोल लिया जाता है। टू-वीलर ड्राइविंग के दौरान भी इसे पहना जा सकता है।

**कैंडी सेल्फी रॉड ब्लूटूथ अंब्रेला:** इसमें ब्लूटूथ कनेक्टिविटी है। जो स्टिक दी गई है उसे सेल्फी स्टिक की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें क्लिप दी गई है जिसमें फोन को फिक्स करके फोटो खींच सकते हैं। छाते के अंदर 3डी प्रिंट वाला फ्लोरल डिजाइन दिया है, जिससे ऐसा लगता है कि एक बड़ा सा फूल छाते में फंसा है।

**फिशिंग कैप अंब्रेला:** इस तरह के छाते का इस्तेमाल धूप से बचने के लिए किया जाता है, क्योंकि इसका साइज छोटा होता है। ऐसे में ये बारिश से पूरी तरह नहीं बचा सकता। इनकी खास बात है कि ये सिर में फिक्स हो जाते हैं। जिससे दोनों हाथ फ्री रहते हैं।

**9 फुट लंबा छाता :** ये छाता 9 फुट लंबा है। इसका लंबा हैंडल फोल्डेबल है। साथ ही, इसे अलग-अलग डायरेक्शन के हिसाब से घुमाया भी जा सकता है। यानी बारिश हवा के साथ तिरछी आ रही है, तब आप छतरी की पोजिशन बदल सकते हैं।

